# डेली संवाद

संपादक- अशोक सिंह भारत • जालंधर, 26 मई, 2020 dailysamvad.com Email:dailysamvad@gmail.com







बिहार 10वीं बोर्ड के परिणाम घोषित

## 80.59% रहा रिजल्ट, हिमांशु राज बने टॉपर

**डेली संवाद, पटना।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति (बीएसईबी) ने मंगलवार को मैट्रिक परीक्षा 2020 के नतीजे घोषित किये जिसमें इस साल 80.59 फीसदी परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव आर के महाजन और बीएसईबी के अध्यक्ष आनंद किशोर की मौजूदगी में शिक्षा मंत्री कृष्णनंदन प्रसाद वर्मा ने 10वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम मंगलवार को घोषित किए। बीएसईबी द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार रोहतास जिले के तेनौज स्थित जनता हाई स्कूल के छात्र हिमांशु राज ने 500 में से 481 (96.20 प्रतिशत) अंक पाकर इस परीक्षा में टॉप किया है। इस परीक्षा में हासिल अंकों के अनुसार


हिमांशु राज

41 परीक्षार्थियों ने शीर्ष दस में जगह बनायी है जिनमें 10 छात्राएं भी हैं। किशोर ने बताया कि पूरे देश में कोरोना महामारी लॉकडाउन के कारण देश के अन्य परीक्षा बोर्डों द्वारा या तो परीक्षा का आयोजन अभी तक पूण नहीं किया जा सका है या जिन बोर्डों द्वारा अभी तक परीक्षाओं का आयोजन कर भी लिया गया है, उनके द्वारा उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन अभी तक पूरा नहीं किया गया है।

# देश में कोरोना संक्रमितों की संख्या 1 लाख 45 हजार पार, 4167 मौतें

**डेली संवाद, दिल्ली।** भारत में सोमवार सुबह आठ बजे से कोविड-19 से 146 और लोगों के जान गंवाने के साथ ही देश में इस बीमारी से मरने वालों की संख्या 4,167 हो गई है। वहीं 6,535 नए मामले सामने आने के बाद देश में संक्रमण के मामले बढ़कर 1,45,380 हो गए। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि देश में अभी कोरोना वायरस के 80,722 मरीजों का इलाज जारी है, जबकि 60,490 लोग पूरी तरह ठीक हो चुके हैं और एक देश छोड़कर चला गया है। स्वास्थ्य मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, ''देश में अभी तक करीब 41.61 प्रतिशत मरीज ठीक हो चुके हैं।'' कुल पुष्ट मामलों में विदेशी भी शामिल हैं।



मंत्रालय के अनुसार सोमवार सुबह से जिन 146 लोगों की जान गई, उनमें महाराष्ट्र के 60 , गुजरात के 30, दिल्ली के 15, मध्य प्रदेश के 10, तमिलनाडु के सात, पश्चिम बंगाल के छह, उत्तर प्रदेश तथा राजस्थान के चार-चार, तेलंगाना के तीन, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर तथा कर्नाटक के दो-दो और केरल का एक व्यक्ति शामिल है।

### सीआईएसएफ में कोरोना वायरस के 20 नए मामले

**नई दिल्ली :** केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षाबल (सीआईएसएफ) में मंगलवार को कोरोना वायरस के 20 नए मामले दर्ज किए गए जिनमें से 18 मामले दिल्ली हवाईअड्डे की सुरक्षा में तैनात इसकी इकाई से जुड़े हैं। अधिकारियों ने बताया कि 1.62 लाख से अधिक कर्मियों वाले इस बल में फिलहाल कोरोना वायरस के 78 सक्रिय मामले हैं और 132 कर्मी अब तक ठीक हो चुके हैं।

पवार-उद्धव की मुलाकात पर महाराष्ट्र की राजनीति में हलचल

## भाजपा ने की राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग-शिवसेना बोली-हमारी सरकार मजबूत

**डेली संवाद, मुंबई** कोरोना महामारी के बढ़ते मामलों के बीच महाराष्ट्र की राजनीति में भी हलचल तेज हो गई है। आलम यह है कि मातोश्री से लेकर राजभवन तक बैठकों का दौर जारी है। एनसीपी प्रमुख शरद पवार और भाजपा के वरिष्ठ नेता नारायण राणे की राज्यपाल से अलग-अलग मुलाकात के बाद सियासी सरगर्मी और तेज हो गई है। एनसीपी प्रमुख शरद पवार जहां गवर्नर से मिले, वहीं मातोश्री में भी उद्धव ठाकरे के साथ करीब डेढ़ घंटे तक मंत्रणा करते रहे। उद्धव सरकार को लेकर हलचल तेज बता दें कि राज्य में कोरोना वायरस के मरीजों की संख्या में लगातार इजाफा हो



रहा है। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई वायरस का हॉटस्पॉट बनी हुई है। इसी बीच पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता नारायण राणे ने राज्यपाल से मुलाकात कर सेना बुलाने की मांग की है। वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस का कहना है कि भाजपा से सत्ता से बाहर होना बर्दाश्त नहीं हो रहा है। वहीं शिवसेना सांसद संजय राउत का कहना है कि सरकार मजबूत है और चिंता की कोई बात नहीं है।

## एक नजर

### सिसोदिया का दावा, करीब 2.41 लाख लोगों को उनके गृह राज्य वापस भेजा



**नयी दिल्ली :** दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने मंगलवार को कहा कि उनकी सरकार ने सात मई से सोमवार तक 196 ट्रेनों से करीब 2.41 लाख लोगों को उनके गृह राज्य भेजा है। सिसोदिया ने एक ऑनलाइन प्रेस वार्ता में कहा कि करीब 1.25 लाख लोगों को बिहार भेजा गया,96,610 लोगों को उत्तर प्रदेश भेजा गया, 3,000 लोगों को झारखंड भेजा गया, 2,500 लोगों को पश्चिम बंगाल भेजा गया और 2,100 लोगों को मध्य प्रदेश भेजा गया।

### ताइवान की राष्ट्रपति के शपथ ग्रहण में शामिल हुए भाजपा के दो सांसद, चीन को लगी मिर्ची



**नई दिल्ली :** भारत और चीन के संबंधों में इन दिनों काफी खटास दिख रही है। लेह-लद्दाख में भारत और चीनी सैनिकों के बीच हाथापाई की भी खबरें आई थी। हालांकि भारत चीन को उसी की भाषा में जवाब देने की कोशिश कर रहा है। कूटनीतिक तौर पर चीन को भारत आईना दिखाने की कोशिश कर रहा है।

## राजधानी दिल्ली सहित समूचे उत्तर भारत में भीषण गर्मी व लू का कहर, रेड अलर्ट जारी

**डेली संवाद, नई दिल्ली** कोरोना के प्रकोप के बीच राजधानी दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) सहित समूचे उत्तर भारत में भीषण गर्मी और लू का कहर जारी है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने उत्तर भारत में गर्मी के लिहाज से रेड अलर्ट जारी किया है, यानी यहां लू का प्रकोप अपने चरम पर हो सकता है। उधर, राजधानी दिल्ली में अधिकतम तापमान 46 डिग्री तक पहुंच गया है। मौसम विभाग का कहना है कि दिल्ली में पारा 46 या 47 डिग्री तक जा सकता है। यानी आगामी दिनों दिल्ली के लोगों के लोगों मुश्किलें और बढ़ने वाली हैं। मंगलवार सुबह से ही गर्मी के प्रकोप



को देखते हुए मौसम विभाग ने दिल्ली के कुछ हिस्सों में ऑरेंज अलर्ट जारी कर दिया। इससे पहले आईएमडी ने सोमवार को कहा था कि उत्तर भारत के अनेक हिस्सों में 29-30 मई को धूल भरी आंधी चलने और गरज के साथ छींटे पड़ने की संभावना है जिससे लू के प्रकोप से राहत मिल सकती है।

### आशिक ने खेला खूनी खेल, प्रेमिका का मर्डर छुपाने के लिए किया था नौ और लोगों का कत्ल

**वारंगल :** तेलंगाना के वारंगल की पुलिस ने बीते हफ्ते एक कुएं से मिली नौ लाशों के मामले की गुत्थी को सुलझा लिया है। तेलंगाना पुलिस ने दावा किया है कि पिछले हफ्ते यहां एक कुएं से जिन नौ लोगों के शव मिले थे उन सभी की हत्या की गई थी। ये नृशंस हत्याएं 24 वर्षीय व्यक्ति ने एक महिला की हत्या छिपाने के लिए की थीं। पुलिस ने आरोपी बिहार के प्रवासी मजदूर संजय कुमार यादव को गिरफ्तार कर लिया है। बता दें कि पिछले सप्ताह जब ये घटना आई थी तो हड़कंप मच गया और माना गया कि ये सभी आत्महत्या के मामले हैं।

## राहुल गांधी का मोदी पर तंज, कहा- कोरोना जब तेजी से फैल रहा, तब हम लॉकडाउन हटा रहे हैं

**डेली संवाद,नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के जरिए मीडिया से बात की। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया का अकेला ऐसा देश है जहां कोरोनावायरस तेजी से बढ़ने के बावजूद लॉकडाउन हटाया जा रहा है। लॉकडाउन का मकसद फेल हो चुका है, देश इसके नतीजे भुगत रहा है। राहुल ने कहा कि चार फेज के लॉकडाउन के बाद भी वे नतीजे नहीं मिले जिनकी उम्मीद प्रधानमंत्री कर रहे थे। राहुल ने कहा कि प्रधानमंत्री पहले फ्रंट फुट पर खेल रहे थे, लेकिन लॉकडाउन फेल हुआ तो बैकफुट पर चले गए। उन्हें फिर से फ्रंट फुट पर आना चाहिए। प्रधानमंत्री और उनके प्रमुख सलाहकारों ने कहा था कि मई के आखिर तक कोरोनावायरस का असर घटने लगेगा, लेकिन ऐसा तो नहीं हो रहा। अब सरकार बताए कि आगे क्या प्लान है? लॉकडाउन खोलने की स्ट्रैटजी में प्रवासियों और राज्यों की मदद के क्या इंतजाम हैं?

### गरीबों के हाथ में पैसा पहुंचना जरूरी



राहुल का कहना है कि सरकार ने आर्थिक पैकेज में जो दिया, उससे कुछ नहीं होने वाला। लोगों के हाथों में पैसा पहुंचना चाहिए। आम लोगों और इंडस्ट्री को आर्थिक मदद नहीं मिली तो नतीजे खतरनाक होंगे। केंद्र को राज्यों की भी मदद करनी चाहिए। इसके बिना कांग्रेस शासित प्रदेशों को दिक्कतें आएंगी। चीन से चल रहे तनाव पर राहुल ने कहा कि सरकार को ये साफ बताना चाहिए कि कब-कब और क्या-क्या हुआ? नेपाल में क्या हुआ था और अब लद्दाख में क्या हो रहा है? इस बारे में अभी तक पारदर्शिता नहीं है। लॉकडाउन के बीते 60 दिन में ये राहुल की चौथी प्रेस कॉन्फ्रेंस थी। इस दौरान उन्होंने दो बार नेशनल मीडिया से और दो बार रीजनल मीडिया से बात की।

### राहुल को भाजपा का जवाब, कहा- भारत में सफल रहा लॉकडाउन

**नई दिल्ली :** भाजपा ने मंगलवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी के लॉकडाउन विफल रहने के आरोप को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि कोरोना वायरस के संक्रमण के दुगुनी होने की दर तीन दिन से बेहतर होकर अब 13 दिन हो गई है जो भारत की सफलता है। भाजपा नेता प्रकाश जावड़ेकर ने कहा कि मोदी सरकार के लॉकडाउन लागू करने के निर्णय के कारण यह सुनिश्चित हुआ है कि भारत को अमेरिका, फ्रांस, स्पेन जैसे देशा के तुलना में कम प्रभावित होना पड़ा। उन्होंने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि विपक्षी पार्टी ऐसे समय में राजनीति कर रही है जब पूरा देश कोविड-19 के खिलाफ लड़ाई लड़ रहा है।

## लड़की और लड़का अगर दो दिन तक साथ रहे तो माना जाएगा लिव इन रिलेशनशिप

**डेली संवाद, चंडीगढ़।** लंबे समय तक संबंध बनाते हुए साथ रहना ही लिव इन रिलेशनशिप नहीं है, बल्कि यदि दो दिन भी इस प्रकार साथ रहते हैं तो उसे भी लिव इन रिलेशनशिप माना जाता है। पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट की डबल बेंच ने यह टिप्पणी प्रेमी द्वारा प्रेमिका की कस्टडी उसके अभिभावकों से लेकर उसे सौंपने की अपील वाली याचिका पर दी है। इससे पहले एकल पीठ के समक्ष याचिका दाखिल करते हुए याची ने कहा था कि उसकी प्रेमिका उसके साथ लिव इन रिलेशनशिप में रह रही थी। इस दौरान उसके परिजन



उसको बलपूर्वक ले गए थे। सिंगल बेंच ने कहा था कि ऐसा कोई सबूत मौजूद नहीं है, जिससे यह साबित किया जा सके कि युवती उसके साथ लिव इन रिलेशनशिप में थी। यह सब युवती को बदनाम करने की साजिश है। इस टिप्पणी के साथ ही एकल पीठ ने युवक पर 1 लाख जुर्माना लगाते हुए यह राशि युवती को अदा करने के आदेश दिए थे। एकल पीठ के इस फैसले के खिलाफ डिवीजन बेंच में अपील दाखिल की गई। केस की परिस्थितियों को देखते हुए हाईकोर्ट ने एकल पीठ द्वारा लगाया गया 1 लाख का जुर्माना माफ कर दिया। हालांकि डबल बेंच ने युवक की उम्र 20 साल ही होने के कारण युवती को उसकी कस्टडी में देने की मांग खारिज कर दी। हाईकोर्ट ने कहा कि लड़का 21 साल की उम्र में बालिग होता है और उससे पहले शादी भी नहीं कर सकता। ऐसे में लड़की की कस्टडी उसे नहीं दी जा सकती।

### जालंधर के मेयर जगदीश राजा ने लाकडाउन के बीच 29 मई को एफएंडसीसी की बैठक बुलाई

**डेली संवाद, जालंधर :** कोरोना संकट काल में लाकडाउन के बीच मेयर जगदीश राजा ने 29 मई को फाइनांस एंड कांट्रेक्ट कमेटी की बैठक



बुलाई है। एफएंडसीसी की बैठक निगम मुख्यालय में सुबह 11 बजे शुरू होगी। मेयर जगदीश राजा ने एफएंडसीसी की बैठक के लिए एजैंडा जारी कर दिया है। इसमें मुख्य रूप से सड़क, पानी और बिजली के काम शामिल हैं।

## भीषण आग से 1500 झुग्गियां जलकर राख

**डेली संवाद, नई दिल्ली।** दिल्ली के तुगलकाबाद इलाके में बीती रात भीषण आग की घटना सामने आई. आग लगने की वजह से करीब 1500 झुग्गियां जलकर राख हो गई हैं और सैकड़ों लोग बेघर हो गए हैं. हालांकि इस हादसे में कोई घायल नहीं हुआ है. दमकल विभाग के मुताबिक, आग लगने की सूचना रात करीब 12:50 बजे मिली. भीषण आग को देखते हुए दमकल की 28 गा?ियों को मौके पर भेजा गया, लेकिन देखते ही देखते आग 2 एकड़ इलाके में फैल गई। पुलिस और दमकल विभाग ने झुग्गी में रह रहे सभी लोगों को समय रहते बाहर निकाल लिया. देर रात होने से ज्यादातर

सैकड़ों लोग बेघर, 28 दमकल गाड़ियां आग बुझाने में जुटी



लोग सो रहे थे. इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ. आग पर सुबह तड़के करीब 3:40 बजे काबू पाया गया, लेकिन तब तक करीब 1500 झुग्गियां जल चुकीं थीं और सैकड़ों लोग बेघर हो गए. फिलहाल सरकार नुकसान का आंकलन कर रही है। दक्षिण पूर्वी दिल्ली के डीसीपी राजेंद्र प्रसाद मीणा ने एएनआई को बताया, हमें रात के करीब एक बजे आग लगने की सूचना प्राप्त हुई. आग पर काबू पाने के लिए 18-20 दमकल वाहनों को लगाया गया था.

कोरोना महामारी से उबरने में उत्तर प्रदेश ने पेश की मिसाल

## सीएम योगी बोले श्रमिकों की सुरक्षित वापसी ही हमारा लक्ष्य

**डेली संवाद, लखनऊ** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेशवासियों की सजगता और जागरूकता की बदौलत हम कोरोना महामारी से जल्द उबरने में हम सफल होंगे। हालांकि अभी भी स्थिति पूर्णतया काबू में है। अबतक 3698 लोगों ने कोविड–19 को मात देकर स्वस्थ्य हुए हैं। जबकि वर्तमान में केवल 2680 एक्टिव केस ही हैं।

सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा लाखों लोगों को सकुशल, सुरक्षित व सम्मानजनक लाया गया है, और क्रम जारी है। प्रदेशवासियों ने कोरोना महामारी से लड़ने में जिस एक जुटता का परिचय दिया है वह अपने आप में एक मिसाल है। प्रदेश सरकार भी हर संभव सहायता व जरूरतमंदों की मदद के लिए सदैव तत्पर है। यह जानकारी मंगलवार को लोकभवन में कोरोना वायरस के संबंध में किए गए प्रेस कांफ्रेंस में अपर मुख्य सचिव, गृह अवनीश कुमार अवस्थी और



प्रमुख सचिव स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने पत्रकारों को दी।

अपर मुख्य सचिव गृह ने कहा कि मंगलवार को लोकभवन में टीम 11 के साथ समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कामगारों व श्रमिकों की सकुशल व सुरक्षित वापसी की समीक्षा करते हुए लॉकडाउन के सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिया है कि मुख्य सचिव द्वारा सभी प्रदेश सरकारों को पत्र लिखकर उनके प्रदेश से यूपी आने वाले लोगों की जानकारी मांगी जाए।

उन्होंने बताया कि इस निर्देश पर जल्द से जल्द अमल किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विभिन्न प्रदेशों से आने वाले लोगों की चिंता करते हुए निर्देश दिया है कि आने वाले कामगार व श्रमिकों की सकुशल, सुरक्षित व सम्मानजनक वापसी सुनिश्चित की जाए।

अपर मुख्य सचिव, गृह ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दिशा निर्देशन में यूपी के लिए पूरे देश में निशुल्क ट्रेन व बसों का चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अबतक 25 लाख से अधिक लोगों ने यूपी में वापसी की है। सीएम योगी ने निर्देश दिया है कि 200 लोगों का कॉल सेंटर बनाकर सभी कामगार व श्रमिक की योग्यता की जानकारी ली जाए। साथ ही 15 दिन के अंदर एमएसएमई सेक्टर में योग्यता के आधार पर श्रमिक व कामगारों को समायोजित किया जाए।

अपर मुख्य सचिव, गृह ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के पार्कों को सुबह के समय खोलने का निर्देश दिया है। निर्देश के बाद पार्कों को लॉकडाउन की गाइडलाइंस के आधार पर खोलने पर तैयारी की जा रही है। सीएम योगी ने 1 जून से निशुल्क खाद्यान्न वितरण का भी निर्देश दिया है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में प्रदेश के अंदर 1009 हॉटस्पॉट को चिहिंत किया गया है, जो 533 थाना क्षेत्रों में हैं। इन हॉटस्पॉट में 8 लाख 48 हजार मकान और 48 लाख 95 लोग हैं। सीएम योगी हॉटस्पॉट एरिया में विशेष निगरानी करने का निर्देश दिया है।








